राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बाजपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

दिनॉक–02–10–2023

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में गांधी जयंती और शास्त्री जयंती का आयोजन बहुत धूमधाम से किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात दोनों महापुरुषों की तस्वीरों के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनका स्मरण किया गया, और उनके जीवन-विचारों पर चर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों के साथ – साथ ,एन सी सी कैडिट्स व महाविद्यालय के अनेक छात्र /छात्राऍ उपस्थित रहे। वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. रीता सचान ने कहा कि वर्तमान समय में गांधी और शास्त्री जी के विचारों पर विचार करना बहुत अवश्यक है। उनके दर्शन को समझना और उन्हें आत्मसात करना करना ही सामाजिक-सांस्कृतिक रूप से स्वच्छता की ओर अग्रसर कदम बढ़ाना होगा। प्रभारी प्राचार्य डॉ. बी.के. जोशी ने संस्कृत का श्लोक सुनाते हुए गांधी और शास्त्री के जीवन चरित्र पर अपना सारगर्भित वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि समाज और पर्यावरण की स्वच्छता के साथ- साथ अपने मन में बसी गंदगी की भी सफाई बहुत आवश्यक है। गांधी के विचार हमें सार्थक मनुष्य के रूप में स्थापित करने में सहायक हैं। कार्यक्रम में डॉ. खेमकरण, डॉ. विकास रंजन, और छात्र-छात्राओं में अशप्रीत सिंह, सायबा अली और सुभांशी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से गांधी जीवन और दर्शन से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालन अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के ही प्रो. विजय पांडे ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मनप्रीत सिंह, डॉ. अतुल उप्रेती, डॉ. दर्शना पंत, डॉ. अतीश वर्मा, डॉ. जय सिंह, श्री हितेंद्र शर्मा, श्री कुलदीप कुमार, श्री रोहित कुमार, श्री सतेंद्र यादव और संजय यादव उपस्थित रहे।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बाजपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड